सिटी पार्क में लगेंगे 32 प्रजातियों के लगभग 21 हजार पौधे, साढ़े तीन किमी का होगा जॉगिंग पार्क

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। आमजन को आवास का सपना पूरा कराने वाला राजस्थान आवासन मंडल अब राजधानी जयपुर में पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आम लोगों के स्वास्थ्य के प्रति कार्य करते हुए मंडल की ही मानसरोवर आवासीय योजना में सिटी पार्क विकसित करने जा रहा है। इस पार्क में 32 प्रजातियों के 21 हजार पौधे लगाने के साथ ही साढ़े तीन किमी का जॉगिंग एवं वॉकिंग ट्रेक बनाया जाएगा। आने वाले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री के स्तर से इसमें पौधारोपण की शुरूआत कराई जाएगी। मुख्यमंत्री यहां कल्प वृक्ष और रुद्राक्ष के पेड़ लगाकर पौधारोपण के कार्यक्रम की व्यापक शुरुआत करेंगे।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने सोमवार को आवासन मंडल की ओर से तैयार कराए जा रहे पार्क एवं फाउंटेन स्क्वायर की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए हाउसिंग बोर्ड को कोरोना महामारी की वजह से हुए लॉकडाउन में भी कार्य करते रहने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यह पार्क लगभग 52 एकड़ जमीन में बनेगा और जयपुर के सेंट्रल पार्क से भी बड़ा होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेष निर्देश पर आमजन के हित में हमने बरसों से खाली पड़ी हाउसिंग बोर्ड की मूल्यवान जमीन पर पार्क विकसित करने का निर्णय लिया है।

बनाएंगे अन्तरराष्ट्रीय स्तर का पार्क-आवासन आयुक्त

इस अवसर पर आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि इस पार्क को अन्तरराष्ट्रीय मानदंडों पर बनाया जाए। यहां वो समस्त सुविधाएं विकसित किए जाने का प्रयास किया जाएगा, जो देश और विदेश के आदर्श पार्कों में पाई जाती हैं। यह पार्क 75 फीसदी से अधिक ग्रीन एरिया के साथ विकसित किया जाएगा, जो कि सेंट्रल पार्क से भी बड़ा है। यह पार्क 22 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में विकसित किया जाएगा, जिसमें 18 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में सिटी पार्क और 4 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फाउंटेन स्क्वायर बनाया जाएगा। इस पार्क में लगभग 3.5 किमी लम्बा क्ले सैण्ड का 20 फीट चौड़ा जॉगिंग व वॉकिंग ट्रेक का निर्माण कराया जाएगा, जो कि राजस्थान क्रीडा परिषद द्वारा अनुमोदित डिजाईन के अनुरूप होगा। जॉगिंग ट्रैक व वॉकिंग ट्रैक के बीच में 3 फीट चौडाई में डिवाईडर का निर्माण करवाया जाएगा, जिसमें फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। अरोड़ा ने बताया कि पार्क में मुख्य प्रवेश मध्यम मार्ग से होगा, जहां बड़ा एंट्रेंस प्लाजा बनाया जाएगा। इसके अलावा इसके 3 और प्रमुख गेट न्यू सांगानेर रोड, वीटी रोड और अरावली रोड पर होंगे। सभी गेटों के पास ही पार्किंग व्यवस्था होगी। पार्क के चारों तरफ फूड कोर्ट एवं रेस्टोरेंट्स के लिए भी जगह रखी गई है। इसके साथ ही पार्क में सेंट्रल पार्क जितनी ऊंचाई का राष्ट्रीय ध्वज भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन के मनोरंजन और घूमने के लिए मध्यम मार्ग के दूसरी तरफ लगभग 40 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में एक फाउंटेन स्क्वायर बनाया जा रहा है, जहां पर म्यूजिकल फाउंटेन होगा और प्रोजेक्टर के माध्यम से भी फाउंटेन पर संगीत के साथ-साथ लघु चल चित्र भी प्रदर्शित होंगे।

यह होंगी विशेषताएं

इस पार्क में वुडलैण्ड पार्क, मीडो गार्डन, लैब्रिनिथ गार्डन, चिल्ड्रन पार्क, कलर गार्डन, फर्न हाउस, पाम गार्डन, मेज् गार्डन, बॉटनिकल सेक्शन, इर्न्टनल वॉकवे, डिस्कवरी प्ले ग्राउण्ड, फिटनेस ट्रेल्स, ग्राण्ड टैरेस, व्यू डेक, आउटडोर जिम, नेशनल फ्लैग पोस्ट, वर्ड लेक, बो ब्रिज, बेनयन कोर्ट, लैक पैवेलियन, लिली पॉण्ड स्कल्पचर, एक्सपोजिशन प्लाजा, रेस्टोरेन्ट आर्केड़ और एस्सपोजिशन पैवेलियन बनवाया जाएगा। यहां ओपन जिम के साथ आमजन की सेहत के लिए विशेष रूप से फिटनेस ट्रेनर और हेल्थ व वेलनेस कोच उपलब्ध रहेंगे।

होगा थीम बेस प्लांटेशन

पार्क में थीम बेस्ड प्लांटेशन होगा। एक तरफ नीले रंग के फूलों के पेड़ दिखाई देंगे तो दूसरी तरफ पीले रंग के तो किसी तरफ गुलाबी रंग के यानी पार्क का प्राकृतिक रूप से श्रेष्ठ सौंदर्यकरण किया जाएगा। इस पार्क में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 21 हजार पेड-पौधे लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 40 हजार झाड़ियां और फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। इस पार्क में कचनार, सिल्वर ऑक, नीली गुलमोहर, गुलाबी सेमल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर इसे आकर्षक बनाया जाएगा।